वर्द्धमान News Digital Edition
■ शिक्षा ■ सेवा
■ समाज ■ धर्म
■ संस्कृति का उजियारा
ब्यावर
30 जनवरी 2026, शुक्रवार
पेज 1



मुमुक्षु अनीश कांठेड़ बने श्री रामाशीष मुनि जी म. सा.

हुक्म संघ के नवम पट्टधर, युग निर्माता, परमागम रहस्य ज्ञाता भव्य जैन भागवती दीक्षा महोत्सव मुमुक्षु अनीष परम पूज्य आचार्य भगवन् 1008 श्री रामलालजी म.सा.एवं बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा के पावन सानिध्य में...



मुमुक्ष भाई श्री अनीष जी कांठेड़ (ब्यावर) की जैन भागवती दीक्षा आचार्य श्री रामेश के मुखारविंद से हजारों लोगो की उपस्थित व समस्त पदाधिकारी की साक्षी मे करेमी भंते! के पाठ दीक्षा सम्पन्न करायी गयी भगवन ने नया नामकरण करते हुए बताया अब वह श्री रामाशीष मुनि जी म सा के नाम से जाने पहचाने जायेंगे। भावुक पल जब आचार्य भगवन ने लोच करने के पश्चात मुमुक्षु अनिष का सिर अपनी गोदी मे रखा व माथे पर हात फेरते रहे। इस दोरान सारा पांडाल हर्ष हर्ष करने लगा नारो से गुंज उठा राम गुरु विराट है दीक्षाओ का ठाट हैं।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र गांधी, महेश नाहटा,स्थानीय उदासर संघ के राजेंद्र जी सेठिया, मनोज जी सेठिया, धनराज जी बोथरा के अलावा ब्यावर संघ से अध्यक्ष गोतम चंद चौधरी,महामंत्री धर्मीचंद औस्तवाल निहाल चंद कोठारी, कैलाश खीचा,ओमप्रकाश खीचा,वीर पिता अशोक कोठारी,देवीलाल रांका, उतम चौधरी, वीर परिवार से शांतिलाल कांठेड़,प्रकाश काठेड, कांठेड, रीखबचंद सोनी, महेन्द्र लोढ, शांतीलाल लूणावत, पदम कोठारी, अशोक बोहरा,समता महिला मंडल से वीना नाहर, शशीकला डांगी, चंद्रकांता बाबेल, मधु मेहता वीर माता ऊषा कोठारी,नवरत्न देवी रांका नीतू काठेड, आदि सैकड़ो जने दीक्षा के साक्षी बने।



भंवरलाल गोठी पब्लिक सी.सै.स्कूल के छठे विद्यार्थी ने चुना संयम पथ...

मुमुक्षु अनीष कांठेड़ का किया बहुमान...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा से सेकंडरी(2021) तक पढ़े मुमुक्षु अनीष कांठेड़ का जैन जवाहर भवन में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में बहुमान किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, सहमंत्री सुनील ओस्तवाल, प्रबन्धकारिणी सदस्य प्रवीण खेतपालिया, उत्तमचंद देरासरिया, अरविंद मुथा, संपतराज छल्लाणी, चंदूलाल कोठारी, आदि उपस्थित रहे।

प्रभु श्री महावीर स्वामी के 82वे पट्टधर हुक्मसंघ के महान आराधक श्रीमद जैनाचार्य 1008 श्री रामलाल जी म.सा. एवं बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनिजी म.सा. के पावन सानिध्य में दिनांक 28 जनवरी 2026 बुधवार को भगवती दीक्षा लेकर संयम के मार्ग को अंगीकार करने जा रहे है। गौरतलब है कि इससे पूर्व में इस विद्यालय में अध्ययनरत 5 जैन विद्यार्थियों ने संसार के समस्त भौतिक सुखों को त्याग करके संयम पथ अंगीकार करते हुए दीक्षा ली है। मुमुक्ष अनीष कांठेड़ विद्यालय के छठवें प्रतिभावान विद्यार्थी है जिन्होंने मात्र 20 वर्ष की आयु में दीक्षा लेकर द्यालय, समाज, परिवार तथा ब्यावर को गौरवान्वित कर रहे है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा...



कोटिशः वंदन-अभिनन्दन...





